**Amar Ujala**

**Financial fraud cases**

Date: 01/07/2026| Edition: All Editions | Page: 16 | Source: Bureau

---

अमर उजाला

# वित्तीय धोखाधड़ी के मामले

एसबीआई कार्ड की एमडी और सीईओ सलिला पांडे ने कहा, 'ग्राहकों का खरीदारी करने, खर्च करने और भुगतान करने का तरीका तेजी से बदल रहा है। आज डिजिटल लेन-देन केवल एक ही माध्यम या समय तक सीमित नहीं है-ग्राहक अब रिटेल और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर खरीदारी करने, बिलों का भुगतान करने या रोजमर्रा के खर्चों को संभालने के लिए लगातार डिजिटल लेन-देन कर रहे हैं। वहीं, बढ़ते डिजिटल उपयोग ने धोखाधड़ी करने वालों के लिए भी नए अवसर पैदा कर दिए हैं, जिसके चलते वे अधिक उन्नत तरीकों का इस्तेमाल करके अनजान उपयोगकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं।'